केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण
राजभाषा अनुभाग
* * * * * *

सं. सीईए-एसवाई-27-28/1/2020-राजभाषा/08 **दिनांक: 6 अगस्त, 2024**

परिपत्र

विषय: सरकारी कामकाज (टिप्पण/आलेखन) मूल रूप से हिन्दी में करने तथा अधिकारियों द्वारा हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए नकद पुरस्कार योजना- वर्ष 2023-24

राजभाषा विभाग के दिनांक-14.09.2016 के कार्यालय ज्ञापन सं. 12013/01/2011-रा.भा.(नीति) के संदर्भ में वर्ष 2023-24 के दौरान सरकारी कामकाज मूल हिन्दी में करने तथा अधिकारियों द्वारा हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए पहले से चलाई जा रही नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्मिकों को हिन्दी पखवाडा-2024 के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

(क) हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन:

पहला पुरस्कार (दो पुरस्कार)	:	प्रत्येक रू.5000/-
दूसरा पुरस्कार (तीन पुरस्कार)	:	प्रत्येक रू.3000/-
तीसरा पुरस्कार (पांच पुरस्कार)	:	प्रत्येक रू.2000/-

(ख) हिन्दी डिक्टेशन :

एक पुरस्कार	:	प्रत्येक रू.5000/-

पात्रता:-(क)- i- सभी श्रेणियों के वे अधिकारी/कर्मचारी इस योजना में भाग ले सकते हैं जो सरकारी काम पूर्णतः या कुछ हद तक मूल रूप से हिंदी में करते हैं तथा जो **'क' तथा 'ख'** क्षेत्र स्थित कार्यालयों में वर्ष में **कम से कम 20 हजार शब्द** तथा **'ग'** क्षेत्र में वर्ष में कम से कम **10 हजार शब्द** हिंदी में लिखते हैं। इसमें मूल टिप्पण व प्रारूप के अलावा हिंदी में किए गए अन्य कार्य जिनका सत्यापन किया जा सके, जैसे रजिस्टर में इन्दराज, सूची तैयार करना, लेखा का काम आदि भी शामिल किए जाएंगे।

ii- जिन प्रतियोगियों की मातृभाषा तमिल, तेलगू, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, उड़िया या असमिया है, उन्हें **20 प्रतिशत** तक अतिरिक्त अंकों का लाभ दिया जाएगा।

(ख) ऐसे सभी अधिकारी, जिन्हें आशुलिपिक की सहायता उपलब्ध है या जो समान्यतः डिक्टेशन देते हैं, इस योजना में शामिल हो सकते हैं।

2. अतः इन योजनाओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे वर्ष 2023-24 के दौरान हिंदी में किए गए कार्यों (1.04.2023 से 31.03.2024 तक) का रिकार्ड निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर साथ में संलग्न करें तथा अपने नियंत्रक अधिकारी से सत्यापित करवाकर **दिनांक 30.8.2024** तक राजभाषा अनुभाग में भिजवा दें ताकि पुरस्कारों के संबंध में निर्णय लिया जा सके।

संलग्नक: निर्धारित प्रोफार्मा

6/8/24
(ऊषा वर्मा)
उपनिदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

1.के.वि.प्रा. के सभी प्रभाग/अनुभाग।

18-ए ,शहीद जीत सिंह मार्ग, एन.आर.पी.सी. बिल्डिंग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016 टैलि: 011-26510183 ईमेल:rajbhashacea@gmail.com वेबसाइट: www.cea.nic.in
18-A,Saheed Jeet Singh Marg,NRPC Building,Katwaria Sarai,New Delhi-110016 Tele:011-26510183 Email:rajbhashacea@gmail.com Website:www.cea.nic.in

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सरकारी कामकाज में हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन (नोटिंग / ड्राफ्टिंग) वार्षिक प्रोत्साहन योजना 2023-24 के लिए वर्ष के दौरान किए गए कार्य का विवरण

अवधि (1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक)

1. आवेदक कर्मचारी का नाम...

2. कर्मचारी संख्या...

3. पदनाम...

4. प्रभाग/अनुभाग का नाम और इंटरकॉम नंबर..

5. मातृभाषा .... मो.......................

क्र.सं.	वर्ष 2023-24 माह	रजिस्टर/फाइल संख्या	हिंदी में किए गए कामकाज के शब्द	नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर
1.	अप्रैल, 2023			
2.	मई			
3.	जून			
4.	जुलाई			
5.	अगस्त			
6.	सितंबर			
7.	अक्टूबर			
8.	नवंबर			
9.	दिसंबर			
10.	जनवरी, 2024			
11.	फरवरी			
12.	मार्च			
		कुल शब्दों की संख्या		

अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सरकारी कामकाज में हिंदी डिक्टेशन
वार्षिक प्रोत्साहन योजना 2023-24 के लिए वर्ष के दौरान किए गए कार्य का विवरण

अवधि (1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक)

1. आवेदक अधिकारी का नाम ....

2. पदनाम ....

3. प्रभाग/अनुभाग का नाम और इंटरकॉम नंबर ....

4. मो........................

क्र.सं.	वर्ष 2023-24 माह	रजिस्टर/फाइल संख्या	हिंदी में दिए गए डिक्टेशन के शब्द	नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर
1.	अप्रैल, 2023			
2.	मई			
3.	जून			
4.	जुलाई			
5.	अगस्त			
6.	सितंबर			
7.	अक्टूबर			
8.	नवंबर			
9.	दिसंबर			
10.	जनवरी, 2024			
11.	फरवरी			
12.	मार्च			
		कुल शब्दों की संख्या		

अधिकारी के हस्ताक्षर